अनिवार्य प्रतिबंध

COVID-19 के फैलाव को धीमा करने और स्वास्थ्य प्रणाली की सुरक्षा करने के लिए एल्बर्टा में अनिवार्य जनस्वास्थ्य दिशा-निर्देश लागू हैं।

जनसमूह

इनडोर जनसमूह

सभी इनडोर सामाजिक जनसमूहों पर प्रतिबंध है।

- अकेले रहने वाले व्यक्ति-विशेष और 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के साथ रहने वाले एकल माता या पिता इन प्रतिबंधों के दौरान मेल-मिलाप करने जाने के लिए दो लोगों का चयन कर सकते हैं।

आउटडोर जनसमूह

सभी आउटडोर जनसमूहों के लिए अधिकतम 20 लोगों की सीमा लागू है और इनमें कोई भी इनडोर गतिविधि शामिल नहीं होनी चाहिए।

विवाह और अंतिम संस्कार

सभी विवाह और अंतिम संस्कार सेवाओं में अधिकतम 20 लोगों के उपस्थित होने की सीमा है। रिसेप्शनों का आयोजन अधिकतम 20 लोगों के साथ केवल आउटडोर ही किया जा सकता है।

उपासना स्थल

सभी उपासना स्थल व्यक्तिगत रूप से इनडोर उपस्थिति के लिए अग्नि कोड की 1/3 क्षमता तक सीमित हैं।

- मास्क पहनना अनिवार्य है।
- किसी एक घर-परिवार के लोगों को हर समय दूसरे घर-परिवार के लोगों से दो मीटर की दूरी पर रहना चाहिए।

मास्क पहनना

सभी इनडोर सार्वजनिक स्थानों, कार्यस्थलों और उपासना स्थलों में मास्क पहनना अनिवार्य है।

घर से काम करना

घर से काम करने की सलाह दी जाती है - लेकिन अब यह अनिवार्य नहीं है – यदि कार्य-नियोक्ता को प्रभावी ढंग से काम करने के लिए कर्मी की शारीरिक उपस्थिति की आवश्यकता न हो।

व्यवसायों पर प्रतिबंध

मनोरंजन और मनबहलाव की सुविधाएँ

मनोरंजन व्यवसाय और निकाय अग्नि कोड उपस्थिति की 1/3 क्षमता की सीमा के साथ खुल सकते हैं। उदाहरणों में थिएटर, कैसिनों, मनोरंजन केंद्र, संग्रहालय और पुस्तकालय शामिल हैं।

भोजन-संबंधी सेवाएँ

रेस्तरां, पब, बार, लाउंज और कैफे इनडोर और आउटडोर क्षेत्रों में बैठकर भोजन करने के लिए खोले जा सकते हैं। एक टेबल पर अधिकतम 6 लोग। एल्कोहल की बिक्री रात 11 बजे समाप्त हो जाएगी और व्यक्तिगत सेवा के लिए मध्यरात्रि तक भोजन बंद हो जाना चाहिए।

रिटेल सेवाएँ

सभी रिटेल सेवाओं और शॉपिंग मॉलों को सेवार्थियों की सँख्या को अग्नि कोड उपस्थिति की 1/3 क्षमता या 5 ग्राहकों तक कम करना होगा (इनमें से जो भी अधिक हो), जिसमें कर्मचारी शामिल नहीं हैं।

स्वास्थ्य और व्यावसायिक सेवाएँ

स्वास्थ्य और व्यावसायिक सेवाएँ केवल एक-के-साथ-एक सेवाओं के लिए एपॉइंटमेंट देकर ही खोली जा सकती हैं। जनस्वास्थ्य और संबंधित उद्यम-क्षेत्र के सभी दिशा-निर्देशों का

©2018 Government of Alberta | Published: June 2021
Classification: Public

पालन किया जाना चाहिए। उदाहरणों में डेंटिस्ट, ऑप्टोमेट्रिस्ट, थेरेपिस्ट, एक्यूपंक्चरिस्ट, वकील और एकाउंटेंट शामिल हैं।

व्यक्तिगत और कुशलता सेवाएँ

व्यक्तिगत और कुशलता सेवाएँ एपॉइंटमेंट और वॉक-इन सेवाओं के लिए खुल सकती हैं। ये सेवाएँ केवल एक-के साथ-एक सेवाओं तक ही सीमित होनी चाहिए। जनस्वास्थ्य और संबंधित उद्यम-क्षेत्र के सभी दिशा-निर्देशों का पालन किया जाना चाहिए। इनके उदाहरणों में बालों और नाखून के सैलून, एस्थेटिक सेवाएँ और मसाज थेरेपी शामिल हैं।

आयोजन और मनोरंजन गतिविधियाँ

फिटनेस, मनोरंजन और खेल गतिविधियाँ

सभी इनडोर और आउटडोर खेल और मनोरंजन गतिविधियों की अनुमति है, जिनमें शामिल हैं:

- टीम के खेल
- सामूहिक अभ्यास या प्रशिक्षण
- खेल, प्रतियोगिताएँ और लीग खेल
- युवा गतिविधियाँ (जैसे दिन और रात-भर चलने वाले शिविर और इनडोर खेल केंद्र)

इनडोर फिटनेस और मनोरंजन सुविधाएँ

जिम और फिटनेस स्टूडियो एकल और ड्रॉप-इन गतिविधियों, एक-के साथ-एक प्रशिक्षण और इनडोर फिटनेस कक्षाओं के लिए खोले जा सकते हैं। सुरक्षा आवश्यकताएँ लागू होंगी।

इनडोर मनोरंजन सुविधाएँ (जैसे एरेनास, पूल और रेक सेंटर) अग्नि कोड उपस्थिति की 1/3 क्षमता के साथ खुल सकती हैं।

प्रदर्शन गतिविधियां

इनडोर प्रदर्शन गतिविधियों की अनुमति है, जिनमें शामिल हैं:

- नृत्य, गायन, अभिनय या वाद्य-यंत्र का प्रयोग
- पूर्वाभ्यास या रंगमंच प्रदर्शन

आउटडोर सार्वजनिक आयोजन और जनसमूह

बैठ कर देखे जाने वाले आउटडोर अस्थायी आयोजनों (जैसे, संगीत कार्यक्रमों और त्योहारों) में अधिकतम 150 लोगों को उपस्थित होने की अनुमति है।

आउटडोर अचल बैठने की सुविधाएँ (जैसे, ग्रैंडस्टैंड) अपनी बैठने की कुल क्षमता के एक-तिहाई तक सीमित हैं।

©2018 Government of Alberta | Published: June 2021

Classification: Public